卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 73 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦19 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


# केवल कागजों पर नहीं धरातल पर हो रहा बदलाव: धामी

## मुख्यमंत्री ने आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया सम्मानित






देहरादून । मुख्य सेवक सदन में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला स्तर एवं ब्लाक स्तर के अधिकारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड एक्ट 25 का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख केपीआई की पूर्णता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार जनपद को पुरस्कृत किया गया है। वहीं गदरपुर, मोरी और स्याल्दे विकास खण्डों ने भी विभिन्न सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करके प्रदेश का नाम पूरे देश में ऊंचा किया है। इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम करते हुए देश लगातार प्रगति कर रहा है। अनेक ऐतिहासिक निर्णय देश में लिये जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में आकांक्षी जनपद जिला एवं विकास खण्ड कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी। जिनके अंतर्गत पूरे देश में 112 जनपद एवं 500 विकास खण्डों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत हमारे प्रदेश में भी दह विकास खण्डों और नौ जनपदों को शामिल किया गया है। गर्व का विषय है कि नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में हमारे प्रदेश के हरिद्वार जनपद को वर्ष 2022 में (शेष पृष्ठ सात पर)

# अधिकारियों ने हाईवे चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इन्द्रा चौक से डीडी चौक तक हो रहे मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य का आज जिला विकास प्राधिकरण सचिव जयकिशन, उपाध्यक्ष एवं एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से करनें के निदेश दिये। गौरतलब हो कि गत दिनों मेयर विकास शर्मा द्वारा मार्ग का निरीक्षण किया गया था और उन्होंने कार्य के कछुआ गति से कराये जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने को कहा था। जिसके बाद आज सम्बंधित अधिकारियों ने निर्माणाधीन मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उनका कहना है कि मार्ग पर से अभी तक विद्युत पोल के न हटाये जाने के कारण मार्ग निर्माण के कार्य में बाधा आ रही है । जबकि विभाग को उनकी मांग के अनुरूप धनराशि आंवटित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्युत पोल हटाने के अतिरिक्त अन्य जो बाधायें सामने आ रही हैं उनका भी शीघ्र (शेष पृष्ठ सात पर)

# गैस पाइप लाईन फटने से मचा हड़कम्प



रूद्रपुर(उद संवाददाता) । वार्ड नंबर एक फुलसुंगा में नगर निगम द्वारा नाला निर्माण के दौरान अचानक गैस पाइप फटने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। घटना सुबह उस समय हुई जब जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। जानकारी के अनुसार, फुलसुंगा के दक्ष चौराहे से तीन पानी डाम वाली रोड पर खुशी वाटिका कॉलोनी के सामने नगर निगम द्वारा नाले का निर्माण किया जा रहा था। खुदाई के दौरान वहां से गुजर रही इंडियन ऑयल- आदानी गैस पाइपलाइन अचानक फट गई, जिससे तेज गति से गैस रिसाव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों में डर और अफरातफरी का माहौल बन गया। आसपास के घरों में रसोई गैस की सप्लाई भी प्रभावित हो गई, जिससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। जल्द ही इंडियन ऑयल-आदानी गैस पाइपलाइन की टीम मौके पर पहुंची और रिसाव को नियंत्रित कर पाइपलाइन की मरम्मत की। टीम के सक्रिय प्रयासों के कारण गैस रिसाव को कुछ ही समय में रोका जा सका और आसपास के क्षेत्र में हालात सामान्य हुए। नगर (शेष पृष्ठ सात पर)

# साधु-संतों के भेष में घूम रहे 11 ढोंगी बाबा पकड़े



रुड़की(उद संवाददाता)। हरिद्वार जिले के रुड़की में ऑपरेशन कालनेमि अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साधु-संतों के भेष में घूम रहे 11 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी बाबाओं के भेष में भीख मांगने और लोगों से अधिक धनराशि वसूलने के आरोप में पकड़े गए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुरू किए गए ऑपरेशन कालनेमि का उद्देश्य धर्म की आड़ में लोगों की भावनाओं और आस्थाओं का दुरुपयोग करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना है। हरिद्वार एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था कि साधु-संत का भेष धारण कर लोगों को भ्रमित करने वाले फर्जी बाबाओं पर कार्रवाई की जाए। इस दिशा में रुड़की सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बाबाओं में उत्तर प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के निवासी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये सभी व्यक्ति लोगों से ठगी करने के उद्देश्य से भेष बदलकर घूमते थे। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि गिरफ्तार सभी फर्जी बाबाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और ऑपरेशन कालनेमि अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। गिरफ्तार किए गए ढोंगी बाबाओं में गणेश (70 वर्ष) निवासी नागपुर, नौशाद (47 वर्ष) निवासी खतौली (शेष पृष्ठ सात पर)

# किसान के खाते से तीन दिन में तीन लाख उड़ाएं

सितारगंज। नगर के समीपवर्ती क्षेत्र के बिजटी गांव में साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिए बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक किसान के बैंक खाते से महज तीन दिनों में करीब तीन लाख रुपये साफ कर दिए। पीड़ित सोहन सिंह के बैंक ऑफ बड़ौदा, बिजटी शाखा स्थित खाते से 30 नवंबर,एक दिसंबर और दो दिसंबर 2025 को बिना किसी अनुमति के तीन अलग-अलग यूपीआई ट्रांजैक्शन किए गए, जिनमें प्रत्येक बार 99,999 की रकम निकल गई और कुल 2,99,997 की आर्थिक क्षति हुई। इस सनसनीखेज ऑनलाइन ठगी से आहत पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर को शिकायती पत्र सौंपकर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि उसने न तो किसी को यूपीआई पिन साझा किया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया, इसके बावजूद रकम निकल जाना साइबर सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मामला सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन लेन-देन को लेकर दहशत का माहौल है ।

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक,चालक निलंबित



देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा में गुरुवार को गंभीर लापरवाही सामने आई जब उनकी फ्लीट में शामिल पायलट वाहन स्टार्ट ही नहीं हुआ। वाहन को बाद में धक्का देकर स्टार्ट किया गया, तब तक मुख्यमंत्री की फ्लीट कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो चुकी थी। इस घटना को गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन अभिनव कुमार के निर्देश पर एसएसपी देहरादून ने पायलट कार के चालक दीपक सैनी को तत्काल निलंबित कर दिया है। वहीं, इस घटना के कारणों की जांच सीओ यातायात को सौंपी गई है। घटना गुरुवार दोपहर बाद हुई। मुख्यमंत्री को एक कार्यक्रम में शामिल होना था और जब फ्लीट तैयार हुई, तब पायलट वाहन स्टार्ट नहीं हुआ। स्थिति पर काबू पाने के लिए दूसरे वाहन को आगे लगाकर फ्लीट रवाना कर दी गई, जबकि पायलट कार को अन्य कार्मिकों की मदद से धक्का देकर बाहर निकाला गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पुलिस विभाग ने इसे सुरक्षा ड्यूटी में चूक माना है। चूंकि मुख्यमंत्री को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, इसलिए इस लापरवाही को बेहद गंभीरता से लिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने घटना के तुरंत बाद त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए और मुख्यमंत्री के मुख्य सुरक्षा अधिकारी की (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार खाई में गिरने से दो युवक गंभीर

## बाराकोट क्षेत्र में हुआ हादसा, 100 मीटर गहरी खाई में गिरी कार

चंपावत(उद संवाददाता)।बाराकोट क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एक को उच्च चिकित्सा केंद्र (हायर सेंटर) रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार संख्या यूके 03 टीए 2143 बाराकोट से तल्ला बापरू जा रही थी। दुर्घटना पिथौरागढ़ लिंक रोड पर कैलाड़ी विद्युत पावर हाउस के पास हुई। हादसे के समय कार अचानक अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। घायलों की पहचान चालक अमित शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा और विक्रम सिंह पुत्र कुंवर सिंह के रूप में हुई है। दोनों युवक बाराकोट ब्लॉक के तल्ला बापरू के निवासी हैं और उनकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बाराकोट चौकी पुलिस और जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी स्थानीय युवाओं के साथ तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। गहरे अंधेरे और दुर्गम इलाके में टीम ने कड़ी मशक्कत कर दोनों घायलों को खाई से बाहर निकाला। सूचना मिलने के बाद भी 108 एम्बुलेंस घटना स्थल तक नहीं पहुँच सकी, जिसके कारण घायलों को पुलिस वाहन से लोहाघाट उप जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉ. अजीम और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार अमित शर्मा के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उन्हें पहले चंपावत जिला अस्पताल और फिर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, विक्रम सिंह के सिर में भी चोटें आई हैं और उनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। बाराकोट चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घायलों को खाई से बाहर निकालने में स्थानीय युवा विजय नाथ, सूरज बिष्ट, सोनू चौधरी, ललित मोहन, राहुल जोशी, शुभम बिष्ट, हिमांशु नाथ, हिमांशु जोशी, सौरभ नाथ और धीरज सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जनसेवा शिविरों में जन-समस्याओं का हो रहा निस्तारण

## सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से हजारों ग्रामीण हुए लाभान्वित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के दूसरे दिन प्रदेश की अनेक न्याय पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में जन-समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के साथ ही हजारों की संख्या में पात्र ग्रामीणों को 23 विभागों की चिन्हित योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अधिकारियों को जन-समस्याओं के निस्तारण के लिए 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि' के मूल मंत्र का पूरा ध्यान रखे जाने की हिदायत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए न्याय पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में जन-प्रतिनिधियों के समन्वय से अधिकाधिक जन- सहभागिता सुनिश्चित की जाय। कैम्पों का आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से हो। पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से लाभान्वित करने के साथ ही यह सुनिश्चित हो कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। जन-समस्याओं की समुचित सुनवाई कर प्रभावी समाधान किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर न्याय पंचायतों में दोबारा भी कैम्प आयोजित किए जांय। **पौड़ी गढ़वाल**–पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक की न्याय पंचायत किमसार के गंगा भोगपुर में आयोजित शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस मौके पर 68 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस शिविर में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट मुख्य अतिथि रहीं। इस शिविर में 126 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग की पेंशन एवं अन्य योजनाओं से 08 लोगों को लाभ प्रदान किया गया। श्रम विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों का पंजीकरण करने के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा 70 लोगों को जाति व आय प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल सहित अन्य सेवाओं का लाभ दिया गया। अन्य योजनाओं से भी 95 ग्रामीणों का लाभान्वित करने के साथ ही बाल विकास विभाग के स्टॉल पर 02 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं 01 महिला का गोद भराई संस्कार भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी गिरीश गुणवंत, ब्लॉक प्रमुख यमकेश्वर सीता चौहान सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। **चमोली**– चमोली जिले में नन्दागर विकासखण्ड के मटई गॉव एवं जोशीमठ के उर्गम में शिविरों का आयोजन कर 369 जन-समस्याओं का निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में न्याय पंचायत सेमा के ग्राम मटई में आयोजित शिविर में 218 जन- समस्याएं व शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें 198 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं दूसरी ओर जोशीमठ तहसील के उर्गम में उपजिलाधिकारी चन्द्रशेखर वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में कुल 256 जन-समस्याएं व शिकायतेंप्रस्तुत की गई, जिसमें 171 का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख हेमा नेगी सहित क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। **हरिद्वार**– हरिद्वार जिले में भगवानपुर ब्लॉक की न्याय पंचायत नौकराग्रांट के पंचायत भवन में आयोजित शिविर में ग्रामीणों द्वारा 35 शिकायतें दर्ज कराई गई ,जिसमें से 20 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 16 लाभार्थियों को मनरेगा जॉब कार्ड जारी करने के साथ ही 10 लाभार्थियों के श्रमिक कार्ड नवीनीकरण व पंजीकरण भी किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 04 लभार्थियों के पेंशन प्रकरण मौके पर ही सत्यापन किया गया। शिविर में 17 ग्रामीणों को उद्यान कार्ड एवं बीज, पौध वितरण किया गया और 18 आय, जाति स्थाई प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही जन्म प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर में संशोधन के 04 प्रकरण निस्तारित किए गए। आयुष विभाग द्वारा 21 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। 29 अन्य लाभार्थियों को भी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। **उत्तरकाशी**–उत्तरकाशी जिले में पुरोला ब्लॉक की न्याय पंचायत गुन्दियाटगांव में उपजिलाधिकारी पुरोला मुकेश चन्द रमोला की अध्यक्षता में जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 500 से अधिक लोगों ने शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। मौके पर 10 लोगों के आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्र बनाए गए। ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत रू. 5.50 लाख के चेक वितरित करने के साथ ही 197 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 34 छोटे कृषि यंत्र तथा 18 उद्यान कार्ड भी वितरित किए गए। इस अवसर पर 77 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही 06 ग्रामीण युवकों को कैरियर काउंसिलिंग सेवा से लाभान्वित किया गया। **नैनीताल**– "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के दूसरे दिन नैनीताल जिले में न्याय पंचायत सिरमोली एवं मालधनचौड़ में बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। रा.इं.कॉ. मालधनचौड़, रामनगर में विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नैनीताल विवेक राय एवं की उपस्थिति में आयोजित शिविर में कुल 79 समस्याए व शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से 70 मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस शिविर में 211 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी गई। राजस्व विभाग 90 लोगों के आय, स्थाई निवास, जाति एवं चरित्र प्रमाण पत्र बनाए गए। 35 लोगों को आधार कार्ड बनाने एवं अपडेशन की सुविधा से लाभान्वित किया गया। इस मौके पर 20 धात्री महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई और पेंशन योजनाओं से संबंधित 15 आवेदन पत्र भी भरवाएं गए। सेवायोजन विभाग द्वारा 4 पंजीकरण से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। 63 पशुपालकों को पशुओं की दवा उपलब्ध कराई गई। दुग्ध विभाग द्वारा 16 तथा सहकारिता विभाग द्वारा 11 लोगों को विभागीय योजना से लाभान्वित कराया गया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत प्रमुख मंजू नेगी, उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। न्याय पंचायत सिरमोली में आयोजित शिविर में कुल 23 समस्याएं प्राप्त हुई,जिसमें अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गोपाल गिरी तथा क्षेत्र पंचायत प्रमुख दीप कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा 109 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। 17 किसानों को कृषि यंत्र एवं जैविक खाद का वितरण के साथ ही 21 पशुपालकों को निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। **बागेश्वर**–जनपद बागेश्वर में अभियान के तहत गुरुवार को दो न्याय पंचायतों में आयोजित शिविरों में 1000 से अधिक लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। बागेश्वर ब्लॉक की न्याय पंचायत सैंज में उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी की अध्यक्षता में तथा कपकोट ब्लॉक की न्याय पंचायत उत्तरौड़ा में उपजिलाधिकारी अनिल सिंह चनियाल की अध्यक्षता में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही सहकारिता, शिक्षा, राजस्व, पूर्ति, पंचायती राज, उरेडा, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, कृषि, पशुपालन, विद्युत, सेवायोजन, बाल विकास एवं जल संस्थान सहित विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। **ऊधमसिंह नगर**– ऊधमसिंह नगर जिले के न्याय पंचायत बिगराबाग के पंचायत भवन बिरिया में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 06 शिकायतों का निस्तारण करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं में 210 लोगों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट तथा महिला स्वयं सहायता समूह को चैकों का वितरण भी किया गया।












# मुख्यमंत्री ने दिया विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 183.97 करोड़ रूपये का अनुमोदन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत सड़क, रोपवे, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, हवाई अड्डो आदि से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 183.97 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मसूरी एवं रानीबाग (काठगोदाम) से नैनीताल मार्ग में रोपवे निर्माण हेतु फिजिबिलटी अध्ययन कराये जाने हेतु प्राविधानित 3.30 करोड़, यमनोत्री बड़कोट-पौंटी मोटर मार्ग के किमी0 2 से बड़कोट हैलीपैड तक के मार्ग का डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण व हैलीपैड की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किये जाने हेतु 1.89 करोड़, जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र मंगलौर रुड़की आवासीय परियोजना में परियोजना स्थल तक पहुंच मार्ग दिल्ली रोड से मंगलौर रजबाहे की पटरी से गोरखनाथ मंदिर होते हुए मार्ग निर्माण कार्य हेतु 2.49 करोड़ तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज, रूद्रपुर के निर्माण कार्यों हेतु पुनरीक्षित आंगणन 35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा नगर पंचायत गूलरभोज क्षेत्रान्तर्गत कोपा स्थित श्मशान घाट का निर्माण व नवीनीकरण कार्य हेतु 80 लाख, नगर निगम, कोटद्वार के क्षेत्रान्तर्गत ए0बी0सी0 सेंटर के निर्माण कार्य हेतु 2.68 करोड़, कलस्टर विद्यालय योजनान्तर्गत जनपद देहरादून एवं टिहरी में चिन्हित कुल 03 विद्यालयों क्रमशः रा0इ0का0 जखण्ड, रा0इ0का0 ओखलाखाल तथा रा0इ0का0 सोरना डोभरी के निर्माण कार्य हेतु 5.46 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड के अन्तर्गत शाराद घाट पुनर्विकास परियोजना के निर्माण कार्य हेतु घ107.35 करोड़ के साथ ही राज्य के समस्त जनपदों के पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसरों में वी0सी0 संसाधन के माध्यम से साक्षी की परीक्षा कराये जाने हेतु 21 जनरेटर 7.5 केवीए क्रय किये जाने हेतु कुल धनराशि 15.55 करोड के साथ ही जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत बिगराबाग से चकरपुर तक के भाग को उच्चीकृत कर एक लेन से डेढ़ लेन में परिवर्तन किये जाने हेतु घ9.45 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



# खण्ड शिक्षा अधिकारी 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## घूसखोरी में शामिल प्रभारी प्रधानाध्यापक को भी किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री ने विजिलेंस को दिये हैं भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश गुरूवार को खंड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद बृजपाल सिंह राठौड़ को पुलिस मॉडर्न स्कूल 40वीं वाहिनी पीएसी के नवीनीकरण/ मान्यता प्राप्त आदि कार्यों के एवज में 20 हजार की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने खंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) बृजपाल सिंह राठौर और एक सरकारी स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। घंटों पूछताछ करने के बाद विजिलेंस की टीम दोनों को अपने साथ लेकर देहरादून रवाना हो गई। बीईओ की पत्नी देहरादून पुलिस में सीओ के पद पर तैनात हैं।टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी बीईओ के देहरादून यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर भी छापा मारा। घंटों तक आवास को खंगालने के बाद दस्तावेज सहित अन्य सामान कब्जे में लिया गया। वहीं, मुकेश के कनखल स्थित घर में भी तलाशी ली गई।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजिलेंस को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट प्रदान की हुई है। इसका असर, साल दर साल बढ़ते विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों की संख्या के रूप में नजर आ रहा है। यही नहीं मजबूत साक्ष्य के आधार पर सतर्कता विभाग आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने में कामयाब रही है। मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस के स्पष्ट निर्देशों का असर विजिलेंस की कार्यवाही में निरंतर दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 भी जारी किया है। यही नहीं मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को अंतिम फैसला आने तक आरोपियों को पूर्व के दायित्व या अहम जिम्मेदारी नहीं देने के साथ ही ट्रैप के मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने के लिये विजिलेंस को भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़ने के निर्देश दिए गये हैं।





# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : डीएम

## उद्योग मित्र बैठक में सड़क, बिजली, पानी, जीएसटी रिफंड सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सर्किट हाउस काठगोदाम में उद्योग मित्र की बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक आस्थान क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न मूलभूत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उद्यमियों द्वारा सड़क निर्माण, वैकल्पिक मार्ग, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, विद्युत सबस्टेशन निर्माण तथा जीएसटी रिफंड से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सड़क एवं विद्युत से संबंधित कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों के साथ नियमित समन्वय बनाकर कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि जिन योजनाओं के लिए आंगणन प्रस्ताव तैयार किए जाने हैं, उन्हें विभागीय समन्वय के साथ शीघ्र तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ब्याज अनुदान एवं विद्युत उपादान स्वीकृति से संबंधित कुल 41 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन्हें संस्तुति हेतु अग्रसारित किया गया।बैठक में सूर्या गांवखस्रसातताल मोटर मार्ग निर्माण हेतु 26.96 लाख रुपये के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। यह प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग, नैनीताल द्वारा शासन को प्रेषित किया गया था, जिसे आंगणन में आपत्ति के कारण पुनः भेजा गया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को शासन स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश दिए।



कोटाबाग विकास खंड में 33 केवीए के नए विद्युत उपसंस्थान निर्माण के लिए भूमि चयन की जानकारी दी गई, लेकिन राजस्व भूमि पर अतिक्रमण की समस्या सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाकर शीघ्र चाहरदीवारी निर्माण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से विद्युत बिलों में वृद्धि की शिकायत भी रखी गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग को तकनीकी टीम के साथ समन्वय कर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीमताल आणु नाले के दिशा परिवर्तन से संबंधित कार्य विद्युत पोल शिफ्टिंग के अभाव में लंबित होने की जानकारी दी गई। इस पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग ने बताया कि विद्युत विभाग को आवश्यक धनराशि आवंटित की जा चुकी है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा अवगत कराया गया कि हरिपुरमोतियाख्र बेलबाबाख्ररामपुर रोड के लंबे समय से लंबित प्रस्ताव को जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के माध्यम से सम्मिलित कर लिया गया है। वहीं, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग रामनगर ने बताया कि चिल्कियाख्रबेलजुड़ी क्षतिग्रस्त मार्ग की निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और यह कार्य अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग सुश्री पल्लवी गुप्ता, हिमालयन चौंबर के अध्यक्ष आर.सी. बिंजोला, सचिव मनोज डागा, दीपक कुमार अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान सहित विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे: एडीएम

खटीमा(उद संवाददाता)। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत न्याय पंचायत बिगराबाग के पंचायत भवन बिरिया में गुरुवार को एक जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान के अंतर्गत पंजीकृत सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों को शीघ्र निर्गत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी आवेदन पत्र में कोई कमी हो तो संबंधित विभाग मौके पर ही समन्वय कर उसका निस्तारण करें, लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु 25 आवेदन पत्र भरवाए गए तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 210 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 3 मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, 2 महिला स्वयं सहायता समूहों को चेक तथा 1 दिव्यांग प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, नोडल अधिकारी शिविर एवं मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवाण, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष श्री नंदन सिंह खड़ायत, खंड विकास अधिकारी संजय गांधी सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बायोटेक के तीन वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन में सम्मानित

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषी और वर्तमान प्रगति विषयक दो दिवसीय 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद पंतनगर के वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की को फेलो अवार्ड और डॉ. मणिन्द्र मोहन व डॉ. सुमित पुरोहित को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वैज्ञानिकों को उनके बेहतरीन शोध व विस्तार कार्यों



के लिए प्रदान किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम उत्तराखंड मुक्त विश्वाविद्यालय और सोसाइटी इन साईंटिफिक डेवलपमेंट इन एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। इस उपलब्धि पर परिषद निदेशक डॉ. संजय कुमार ने वैज्ञानिकों को बधाई दी। इस दौरान पंत विवि के , डॉ. ए.स. जीना, डॉ. अनिल यादव सहित डॉ. डी.सी. कालिया, डॉ. एस.पी. सिंह डॉ. महेन्द्र सिंह व डॉ. श्याम सिंह कुंजवाल उपस्थित रहे।

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली में 'विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना था।घ्इस अवसर पर पुलिस प्रशासन, अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ मुस्लिम और सिख समुदाय के गणमान्य नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जहीर अंसारी प्रदेश



उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, भाजपा, संजय बिष्ट, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, घ्सुश्री पूजा भट्ट, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नितिन कुमार टम्टा, डाटा एंट्री ऑपरेटर डीईओ,घ्अनिल कुमार, उप-निरीक्षक, घ्सुश्री कुसुम शर्मा, एल. ए.एस.आई., कुंदन, हेड कांस्टेबल, घ्बबीता, महिला कांस्टेबल, घरितु, महिला कांस्टेबल, मोहम्मद अकरम, गुरमीत सिंह, रईस अहमद, हरपाल सिंह, शकील अहमद आदि मौजूद थे। अंत में सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने और सभी वर्गों के अधिकारों का सम्मान करने की शपथ ली।

# कॉमरेड विनोद मिश्रा 27वीं बरसी पर 'संकल्प दिवस' का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा माले की नैनीताल जिला कमेटी ने 18 दिसम्बर को कॉमरेड विनोद मिश्रा की 27वीं बरसी पर लाल सलाम और क्रांतिकारी श्रद्धांजलि पेश करते हुए दीपक बोस भवन बिंदुखत्ता में ष्संकल्प दिवसष का आयोजन किया। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि, 1970 के दशक के शुरुआती भयंकर झटके और बिखराव के बाद भाकपा माले को दोबारा खड़ा करने और संगठित करने से लेकर, 1990 के दशक में संघ-भाजपा के बढ़ते खघ्तरनाक हमलों के चुनौतीपूर्ण दौर का मुकाबला करने के लिए पार्टी को तैयार करने तक कॉमरेड वीएम ने हमारे लिए एक शानदार, गौरवशाली कम्युनिस्ट विरासत हमारे हवाले की है। उनकी अगुवाई में पार्टी ने हर तरह की बाधाओं को पार किया, और भारत के इतिहास व समाज को समझने के लिए अपनी मार्क्सवादी समझ को लगातार विकसित व मजबूत करते हुए व्यापक जन-संघर्षों को खड़ा किया। कामरेड कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, दिल्ली, कटाई की देशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है। नए श्रम कोड और निजीकृत शिक्षा के जरिए मजदूर तबके और छात्रों पर कॉर्पोरेट नियंत्रण को और मजबूत किया जा रहा है, मनरेगा की रोजगार की खाई को जबरदस्ती और गहरा किया जा रहा है। इसके खिलाफ संघर्ष तेज करना ही कामरेड विनोद मिश्र को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संकल्प दिवस पर नए साल में पार्टी का विस्तार करने,



पूरे संगठन को नई ऊर्जा से खड़ा करने, और अपने आंदोलन को और ऊँचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार खड़े होकर आने वाले साल में पार्टी संगठन को और अधिक गतिशील, संगठित, अडिग और जुझारू बनाने के लिए अपनी हर ताकत झोंक देने और पूरी ताकघ्त के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। संकल्प दिवस आयोजन में वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी, डॉ हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार तक एक के बाद एक राज्य चुनावों में मिली जीतों से बेलगाम होकर मोदी सरकार ने पूरे देश में अपने फासीवादी हमलों को तेज कर दिया है। 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के नाम पर मतदाता सूची से नामों की गारंटी योजना को खत्म किया जा रहा है, परमाणु सुरक्षा को विदेशी पूंजी के हवाले कर दिया है, बीमा क्षेत्र को सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खोल दिया है। संघीय ढाँचे पर हमला तेज हो चुका है, और पूरे देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कैलाश पाण्डेय, भुवन जोशी, विमला रौथाण, आनंद सिंह सिजवाली, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, गोविंद जीना, चन्दन राम, धीरज कुमार, कमलापति जोशी, निर्मला शाही, डी एस मेहरा, अंबा दत्त बसखेती, शिवानी आदि शामिल रहे।

# किसान चौपाल में वैज्ञानिकों और पशुपालकों के बीच हुआ सीधा संवाद

पंतनगर(उद संवाददाता)।पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना (फ्रिजवाल) के अंतर्गत पशुपालकों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से किसान चौपालों का आयोजन किया गया। इस क्रम में 15 दिसम्बर 2025 को ग्राम खुरिया खत्ता संख्या 8 तथा 17 दिसम्बर 2025 को ग्राम सूरजपुर स्थित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, पंतनगर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच संवाद स्थापित किया गया।किसान चौपाल का उद्घाटन डॉ. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशुधन प्रबंधन विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए परियोजना के उद्देश्यों और इससे पशुपालकों को होने वाले प्रत्यक्ष लाभों पर सुझाव दिए और आधुनिक तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत एवं लाभकारी पशुपालन करने का आह्वान




विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. सिंह ने पशु नस्ल सुधार, देशी नस्लों के संरक्षण एवं प्रजनन से जुड़ी समस्याओं पर उपयोगी किया।इस अवसर पर डॉ. रिपुसुदन कुमार, सह-प्राध्यापक, पशु पोषण विभाग ने पशु पोषण से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। उन्होंने संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण पशु आहार तैयार करने की विधि बताते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पशुपालन अपनाने पर बल दिया, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि संभव हो सके।किसान चौपाल के दौरान पशुपालकों का पंजीकरण, उपयोगी सामग्री का वितरण तथा धन्यवाद प्रस्ताव कु. आराधना फुलार द्वारा किया गया। दोनों आयोजनों में क्रमशः 40 एवं 23 पशुपालकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का लाभ उठाया।किसान चौपाल के माध्यम से पशुपालकों में नवीन तकनीकों, नस्ल सुधार और पोषण प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ी, जिससे क्षेत्र में उन्नत एवं टिकाऊ पशुपालन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# सांसद भट्ट ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की मुलाकात

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारीअध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा देशहित में पार्टी की नीतियों को मजबूती मिलेगी।



# समान नागरिक संहिता से सामाजिक न्याय और समानता को मिली नई दिशा: धामी

## मुख्यमंत्री ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, नींबूवाला, देहरादून में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी छात्रों को सम्मानित एवं विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। बड़ी संख्या में आई मुस्लिम महिलाओं ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी एक भाई के रूप में प्रदेश और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत की एकता और अखंडता के संरक्षण के लिए हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में सदियों से समानता और सभी धर्मों तथा समुदायों के प्रति सम्मान की परंपरा रही है। भारत में अनेकों संस्कृतियों, परंपराओं, भाषाओं और खान-पान की विविधता के बावजूद एकता की भावना रही हैं। उन्होंने कहा वसुधैव कुटुम्बकम के महान सिद्धांत को आत्मसात करते हुए भारत ने हमेशा समूची दुनिया को एक परिवार के रूप में माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ सभी समुदायों को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज जन-धन योजना, उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना जैसी अनेकों योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण, लंगर से सभी प्रकार के करों को हटाना, जियो पारसी योजना, बौद्ध सर्किट का विकास, जैन अध्ययन केंद्र की स्थापना, हज यात्रा की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाने एवं तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत जैसे निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, आईटीआई, स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा नए वक्फ कानूनों में सुधार के माध्यम से वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी, उत्तरदायी की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं, ताकि इन संपत्तियों का वास्तविक लाभ समाज के गरीब, जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों तक पहुँच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के माध्यम से अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि दे रही है। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को वार्षिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा जनता से किए वादे के अनुसार हमने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का काम किया है। हमने समान नागरिक संहिता लागू कर सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में पूरे देश को एक नई दिशा दिखाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुरूप आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास को गति देने के लिए अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना भी की गई है। जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 4 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री हुनर योजना के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ 10 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मौलाना आजाद एजुकेशन ऋण योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब छात्र-छात्राओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पिछले 4 वर्षों में 169 लाभार्थियों को 4 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में नया अल्पसंख्यक शिक्षा कानून लागू किया है। ये कानून किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के सभी अल्पसंख्यक समुदायों सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी और मुस्लिमों को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर और संवैधानिक अधिकार प्रदान करेगा। जिसके अंतर्गत सभी मदरसों सहित सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी धर्मों की स्वायत्तता की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून भी लागू किया है। ताकि किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन या छल से होने वाले धर्मांतरण को रोका जा सके और सामाजिक सौहार्द बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा विश्व के कई अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदायों को भेदभाव, उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर सभी अल्पसंख्यको से आह्वान करते हुए कहा कि सभी सोशल मीडिया के माध्यम से उन देशों में हो रहे अत्याचार और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएं। इस अवसर पर उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती फरजाना बेगम, पद्मश्री डॉ. आर.के जैन, श्री हेमकुंड साहिब ट्रस्ट अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, अध्यक्ष वक्फ बोर्ड श्री शादाब शम्स, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।







# जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता होंगे हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस

नैनीताल। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के पांच उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशें की हैं। इस सूची में उत्तराखंड उच्च न्यायालय का नाम भी शामिल है। कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ



न्यायाधीश जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता को उत्तराखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह निर्णय 18 दिसंबर 2025 को हुई कॉलेजियम की बैठक में लिया गया। उत्तराखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जी नरेन्दर 9 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके पद छोड़ने के बाद जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता कार्यभार संभालेंगे। उत्तराखंड के अलावा, कॉलेजियम ने मेघालय, उत्तराखंड के अलावा, कॉलेजियम ने मेघालय, झारखंड, सिक्किम और पटना हाईकोर्ट के लिए भी नए मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। इनको अंतिम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा जिसके बाद राष्ट्रपति द्वारा आधिकारिक नियुक्ति की जाएगी।

# मनरेगा के नाम में बदलाव से महात्मा गांधी के सम्मान पर चोट : सुमित हृदयेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, संघर्ष और योगदान का खुला अपमान है। आयोजित एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मनरेगा देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण तबके के लिए केवल एक योजना नहीं बल्कि जीवनरेखा रही है और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करना पूरी तरह जनविरोधी कदम है। सुमित हृदयेश ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत रोजगार के दिनों को 100 से घटाकर 60 करने की मंशा गरीबों के कानूनी अधिकारों पर सीधा हमला है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी, भुखमरी और आर्थिक असुरक्षा और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के अंतर्गत कार्यों की संस्तुति ग्राम प्रधान और ग्राम सभा के माध्यम से होती थी, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध होता था। लेकिन अब केंद्र सरकार इस व्यवस्था को समाप्त



कर मनरेगा के कार्यों को दिल्ली से संचालित करने की योजना बना रही है, जहां से यह तय किया जाएगा कि मनरेगा लागू होगा या नहीं। यह न केवल पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर भी गहरा आघात है। सुमित हृदयेश ने आरोप लगाया कि यह बदलाव वास्तव में पहाड़ों को खाली कराने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यह योजना पहाड़ों से पलायन रोकने की नहीं, बल्कि पलायन को और तेज करने की स्कीम बनती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा में केंद्र और राज्य के अंशदान के अनुपात को 90:10 से बदलकर 60:40 करना राज्यों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डालने जैसा है। इससे राज्य सरकारों के लिए योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो जाएगा और इसका सीधा नुकसान गरीब जनता को होगा। सुमित हृदयेश ने भाजपा को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस मनरेगा सहित जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर तथ्यों और सच्चाई के साथ चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने हल्द्वानी प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में अनावश्यक रूप से लगाए जा रहे लाल निशान आम नागरिकों में भय का वातावरण पैदा कर रहे हैं। यह कार्रवाई जनहित से अधिक केवल बजट खर्च करने की मानसिकता को दर्शाती है। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी हल्द्वानी के अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, एन. बी. गुणवंत, हरीश मेहता, सुहैल अहमद सिद्दीकी, जाकिर हुसैन सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का मजबूत आधार : योगेंद्र कुमार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर द्वारा एमजीएन इंटर कॉलेज,



केलाखेड़ा में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्राधिकरण के सचिव श्री योगेंद्र कुमार सागर (सिविल जज, सीनियर डिवीजन, रूद्रपुर) ने विद्यार्थियों को अल्पसंख्यक अधिकारों एवं संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सचिव श्री योगेंद्र कुमार सागर ने कहा कि भारत का संविधान अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का मजबूत आधार है। उन्होंने छात्रों को संविधान में अल्पसंख्यकों को प्रदत्त अधिकारों की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्य और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। सचिव महोदय ने स्पष्ट किया कि जन्म, जाति, लिंग और नस्ल के आधार पर किया गया किसी भी प्रकार का भेदभाव न केवल सामाजिक अपराध है, बल्कि संविधान के भी विरुद्ध है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का अर्थ समझाते हुए छात्रों को समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो. मिराज, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुश्री लुबीना पारूल उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रबंधक निजाम अख्तर एवं प्रधानाचार्य मो. फहीम अख्तर सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक दिवस पर पत्रकारों की अनदेखी

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना गदरपुर पुलिस अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर गदरपुर के अल्पसंख्यक पत्रकारों को निमंत्रण ही नहीं दिया जिससे अल्पसंख्यक पत्रकारों में रोष है।अल्पसंख्यक पत्रकार महेंद्रपाल सिंह का कहना है पुलिस और पत्रकारों का यूं तो चोली दामन का साथ है लेकिन गदरपुर कोतवाल ने अल्पसंख्यक दिवस पर हमारी अनदेखी की है जिससे हम सभी साथियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।अल्पसंख्यक दिवस हम अल्पसंख्यक पत्रकारों को न बुलाना समाज में हमें अपमानित करने के बराबर है।महिंदर पाल ने कहा इस तरह से अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।अल्पसंख्यक पत्रकारों में देवेंद्र सिंह महिंदर पाल उमर अली शाहनूर अली रिजवान अख्तर राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार संपादक कुमाऊं वाणी जुल्फकार अली आदि शामिल हैं।

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर अल्पसंख्यक मेधावी बालिकाएं सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जनपद की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर बोर्ड तथा उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड, देहरादून द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं विभाग द्वारा चयनित कुल 5 बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी श्री दिवेश शाशनी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के सशक्तिकरण की मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं के अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें और उनके सपनों को साकार करने में हर संभव सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की यह योजना अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी पहचान स्थापित कर सकें। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुश्री नंदनी तोमर भी उपस्थित रहीं।

# बस्तियों के सर्वांगीण विकास के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध: महापौर

## महापौर विकास शर्मा ने खेड़ा और ट्रांजिट कैंप में सड़क और नालियों का लोकार्पण

रूद्रपुर।शहर के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड संख्या 19 खेड़ा में पार्षद सुनील वाल्मीकि के साथ साईं मंदिर के सामने से माता मंदिर गली तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही वार्ड संख्या तीन ट्रांजिट कैंप ए-ब्लॉक में पार्षद शुभम दास की उपस्थिति में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों ने महापौर का जोरदार नागरिक अभिनंदन किया और उन्हें सम्मानित कर विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों को अब प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है, जिससे आम जनजीवन में राहत मिल रही है। ट्रांजिट कैंप में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्षद शुभम दास ने ए-ब्लॉक स्थित सरस्वती माता मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा। इस पर महापौर विकास शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए नगर निगम के जेई से मौके पर ही फोन पर वार्ता कर कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही ए-ब्लॉक स्थित पार्क में सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि जनता से किए गए वादों से भी अधिक कार्य करने का लक्ष्य लेकर वे पूरी निष्ठा और सेवाभाव से नगर के विकास में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के एक-एक वोट का कर्ज विकास कार्यों के माध्यम से चुकाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। महापौर ने स्पष्ट किया कि बस्तियों का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्व में यह शिकायत आम थी कि विकास कार्य केवल बड़ी और संपन्न कॉलोनियों तक सीमित रहते थे, लेकिन अब उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां निचले तबके के लोग निवास करते हैं। महापौर ने बताया कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र को संवारने के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यहां 1.74 करोड़ रुपये की लागत से रजत जयंती पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्य सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि कई अन्य सड़कों और नालियों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप ही नहीं, बल्कि शहर की अन्य बस्तियों के सुनियोजित विकास के लिए भी एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम का दायरा अब केवल सड़क, नाली और सफाई तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि बहुआयामी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। नगर निगम के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ भी आम नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से रूद्रपुर को आठ आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र मिले हैं, जहां नागरिकों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के समग्र विकास के साथ-साथ वर्षों पुरानी जटिल समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य बाजार समेत प्रमुख बस्तियों में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए लंबाखेड़ा में नगर निगम की गौशाला बनकर तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं को वहां सुरक्षित आश्रय दिया जाएगा। महापौर ने आगे कहा कि करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से गांधी पार्क का कायाकल्प किया जाएगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अटरिया मार्ग पर नाले को कवर करने के साथ सड़क चौड़ीकरण के लिए 3.5 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इसी प्रकार गंगापुर रोड का 3.74 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण स्वीकृत हो चुका है, जबकि भूरारानी रोड को चौड़ा करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य रूद्रपुर को एक आधुनिक और स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि जनता का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहा तो आने वाले समय में रूद्रपुर प्रदेश का नंबर वन शहर बनेगा। ट्रांजिट कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद शुभम दास, विजय सिंह, तारा चुफाल, लाखन, विपुल शाह, शुभम मण्डल एडवोकेट, चन्द्रशेखर गांगुली, आलोक राय, पिन्टू राय, रोहित मण्डल, शंभू शाह, सुभाष स्वर्णकार, एडवाकेट आलोक राय, जगदीश कर्मकार, ड. सुमित राय, चन्द्रशेखर गांगुली, संजीव रस्तौगी, प्रहलाद देवनाथ, विपुल शाह, रोहित मण्डल, विजय सिंह, अजय पाण्डे, तारा चुफाल, शेर सिंह चुफाल, देवप्रकाश चक्रवर्ती, बासु शाह, पिंकी शाह, सुनीता घोष, उषा दास, अर्पणा,उज्जवला शाहा, गीता सिंह, माया शाहा, सपना आदि मौजूद थे। खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुकेश पाल, मिन्टू जौहरी, पार्षद सुनील कुमार, विश्वजीत मल्लिक, मनीष गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, भीम पाण्डे, रवि सरकार, पाती राम चौधरी, राम प्रसाद, रतन सरकार, मुकेश चौहान, मुकेश गुप्ता, मुकेश अरोरा, मुकेश वशिष्ठ, भगवान स्वरूप, जितेन्द्र संधू, डा. अजीत हाल्दार, डा. विजय आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।







## संयुक्त निदेशक सूचना ने की जन-जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के प्रचार प्रसार में सहयोग की अपील

रुद्रपुर।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनसरोकारों से जुड़ी पहल "जन-जन की सरकार, जनख्रजन के द्वार" को प्रभावी बनाने की दिशा में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त निदेशक सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड श्री नितिन उपाध्याय ने जिला सूचना कार्यालय, रुद्रपुर में जनपद के पत्रकारों के साथ संवाद किया। सूचना कार्यालय पहुँचने पर श्री उपाध्याय का जिला सूचना अधिकारी गोविंद सिंह बिष्ट ने पौधा देकर स्वागत किया।संयुक्त निदेशक ने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही और व्यापक जानकारी आम जनता तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक जनयोजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थी ले सके।उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार द्वारा 17 दिसम्बर से 45 दिनों तक विशेष अभियान "जन-जन की सरकार, जनख्रजन के द्वार" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न न्याय पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, योजनाओं में पंजीकरण तथा लाभ वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।संयुक्त निदेशक ने कहा कि इस जनहितकारी अभियान की सफलता के लिए मीडिया के सहयोग से इसकी व्यापक जानकारी जनसामान्य तक पहुँचाना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों में प्रतिभाग कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें।इस अवसर पर उन्होंने जिला सूचना अधिकारी को प्रेस क्लब के संचालन हेतु एक स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही खटीमा में प्रेस क्लब की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और मीडिया से जुड़े मुद्दों के समाधान हेतु विभाग स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अजय जोशी, सुरेन्द्र गिरधर, भरत शाह, दीप बेलवाल, नाहिद खान, सौरभ गंगवार, दुर्गेश तिवारी, बीरेंद्र बिष्ट, वेद यादव, मुमत्याज,हरिनारायण अग्रवाल, विकास कुमार, ललित शर्मा, रमेश चन्द्रा, विश्वजीत , राजेन्द्र सिंह कण्डारी, अनुप झा, विजय कुमार, प्रेम कुमार, सुमित शर्मा, अर्जुन कुमार आदि उपस्थित थे।



## नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले राजेश शुक्ला

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, दिल्ली में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा पार्टी की विचारधारा को और अधिक सशक्त रूप से जन-जन तक पहुंचाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन जी का संगठनात्मक अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा का संकल्प और प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगा।



## फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला सभागार में जनपद स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त प्रकरणों पर विस्तृत सुनवाई की गई। बैठक में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कुल 9 मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुछ प्रकरणों में संबंधित पक्षकारों को अंतिम अवसर प्रदान किया गया, जबकि शेष मामलों का निस्तारण करते हुए आवश्यक आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गलत अभिलेखों के आधार पर या कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाने वालों एवं ऐसे प्रमाण पत्र जारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति गलत दस्तावेज संलग्न कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने का प्रयास न करे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद में पिछले पांच वर्षों में निर्गत सभी प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जा रही है। बैठक के दौरान स्क्रूटनी कमेटी द्वारा प्राप्त शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों के बयान दर्ज किए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्री गौरव पाण्डेय, सुश्री ऋचा सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री अमन अनिरुद्ध, तहसीलदार किच्छा श्री गिरीश त्रिपाठी, पटल प्रभारी श्री सचिन काला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं उप जिलाधिकारी बाजपुर डॉ. अमृता शर्मा तथा तहसीलदार सुश्री लीना भट्ट वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुईं।



## ईदगाह भूमि के मामले में मेयर से मिला कांग्रेसी शिष्टमंडल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा क्षेत्र में ईदगाह और कब्रिस्तान की भूमि को लेकर चल रहे विवाद के समाधान को लेकर कांग्रेस का एक शिष्टमंडल नगर निगम पहुंचा और महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस शिष्टमंडल ने नगर निगम द्वारा अधिगृहित की गई उक्त भूमि को मुस्लिम समाज को ही दिए जाने की मांग की। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गावा के नेतृत्व में रुद्रपुर विधानसभा से विधायक पद का चुनाव लड़ चुकीं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी, पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सी.पी. शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग नगर निगम पहुंचे और महापौर से वार्ता की। कांग्रेस नेताओं ने महापौर को अवगत कराया कि खेड़ा स्थित ईदगाह और कब्रिस्तान की भूमि को लेकर उत्पन्न विवाद केवल किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समुदाय से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि यह भूमि पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से मुस्लिम समाज के उपयोग में रही है, इसलिए इसका समाधान सामाजिक सौहार्द और न्याय के आधार पर किया जाना चाहिए। शिष्टमंडल ने इस संबंध में महापौर को एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिगृहित भूमि को मुस्लिम समाज को सौंपते हुए विवाद का स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाए। इस पर महापौर विकास शर्मा ने कांग्रेस शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि मामले में सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए न्याय संगतऔर विधिसम्मत निर्णय लिया जाएगा।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मनरेगा का नया स्वरूप

देश के ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर आबादी के लिए रोजी-रोटी का इंतजाम एक बड़ी चुनौती रही है। लंबे समय तक इस समस्या के बने रहने का नतीजा यह हुआ कि विकास एक तरह से विभाजित रहा और एक बड़ा तबका मुख्यधारा में शामिल होने की कोशिशों से भी वंचित रहा।मगर जब से गारंटी के रूप में ग्रामीण इलाकों में रोजगार मुहैया कराने की पहल हुई है, उसके बाद से एक बड़ा फर्क दर्ज किया गया। करीब बीस वर्ष पहले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून यानी मनरेगा लागू हुआ, तो उसके तहत वर्ष में सौ दिन काम की व्यवस्था से गांव-देहात में रहने वाले परिवारों के सशक्तीकरण में उल्लेखनीय मदद मिली।मनरेगा की अहमियत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई बार इसे दुनिया भर में एक सीखने लायक कार्यक्रम के तौर पर भी देखा गया। अब केंद्र सरकार ने मनरेगा का रूप बदल कर उसका नाम 'विकसित भारत-रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' रखा है और उसमें अब कुछ नए प्रावधान किए गए हैं। इससे संबंधित विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पारित हो गया। गौरतलब है कि नई प्रस्तावित व्यवस्था मनरेगा का ही नया स्वरूप होगी, जिसमें ग्रामीण परिवार को सौ दिन के बजाय एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी की बात की गई है। इसके अलावा, खर्च वहन करने, पारिश्रमिक भुगतान और खेती के दिनों के संदर्भ में नए प्रावधानों की वजह से इस योजना के किसानों और मजदूरों, दोनों के लिए काफी फायदेमंद साबित होने की उम्मीद की जा रही है। मनरेगा के तहत जिन लोगों को काम मिलता है, उनकी मजदूरी का लगभग पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती रही है, जबकि सामान आदि का खर्च एक निश्चित अनुपात में राज्य सरकारें उठाती हैं। अब कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को छोड़ कर 'बीवी- जी राम जी' के तहत होने वाले कुल खर्च का साठ फीसद केंद्र सरकार वहन करेगी और चालीस फीसद राज्य सरकारें उठाएंगी। इस योजना के अंतर्गत खेतों में बुआई और कटाई के मौसम में साठ दिनों के दौरान मजदूरों को काम नहीं मिल सकेगा, ताकि खेती-किसानी के काम के लिए मजदूरों की कमी न हो। इसके अलावा, इस काम में भ्रष्टाचार पर लगाम के लिए मजदूरी के भुगतान में बायोमेट्रिक और अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाएगी। जाहिर है, बदलावों के बाद अगर रोजगार गारंटी की व्यवस्था ग्रामीण इलाकों के मजदूरों के लिए सहायक सिद्ध हुई, तो बेशक इसे एक सकारात्मक कदम माना जाएगा। देश की ग्रामीण आबादी के हित में प्रथम दृष्टया यह योजना एक बेहतर पहल लगती है, लेकिन इस संदर्भ में विपक्षी दलों की ओर से कई आशंकाएं भी जताई गई हैं। अगर ग्रामीण इलाकों में काम करने की जगह तय करने से लेकर अन्य मामलों में यह योजना केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित और उसकी शर्तों पर आधारित होगी, तो खर्च का जिम्मा राज्यों पर आएगा। ऐसे में इसके नतीजे घोषित दावों के मुकाबले उलट भी आ सकते हैं और इसका काम के अधिकार पर विपरीत असर पड़ सकता है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार गारंटी लागू होने के बाद से मनरेगा की अहमियत छिपी नहीं रही है। खासतौर पर कोरोना महामारी के दौरान जब देश भर में गरीब तबकों के लोग भयावह अभाव से जूझ रहे थे, तब मनरेगा उनके लिए जीवन-रेखा साबित हुआ। ऐसे में यह देखने की बात होगी कि नए स्वरूप में ग्रामीण इलाकों के गरीब तबकों के लिए रोजगार गारंटी की नई व्यवस्था कितनी सहायक साबित होगी।

# कूड़ा निस्तारण के लिए सभासद ने सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)।नगर पालिका परिषद के सभासद पति दानिश मलिक उर्फ सोनू ने नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी ताहिर मलिक और सफाई नायक विजयंत कुमार को ज्ञापन सौंपकर मोहल्लों में कूड़ा निस्तारण की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 15 दिनों से गलियों में कूड़ा उठाने वाले वाहन नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण मोहल्लों और गलियों में कूड़े के ढेर लग गए हैं और वातावरण दूषित होने लगा है। दानिश मलिक ने यह भी मांग की कि सर्दी के मौसम में नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए गलियों-मोहल्लों में अलाव



की व्यवस्था भी की जाए। इस संबंध में नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी ताहिर मलिक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही ई-रिक्शा और अन्य कूड़ा वाहन दुरुस्त कर गली- मोहल्लों से कूड़ा उठाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि विगत कई दिनों से ई-रिक्शा वाहनों की मरम्मत न होने के कारण गली-मोहल्लों में कूड़ा नहीं उठ पाया। इसी वजह से रास्तों पर कूड़े के ढेर नजर आने लगे थे। पहले भी कई नागरिकों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन इसका समाधान समय पर नहीं किया गया। नगर पालिका ने अब समस्या के समाधान के लिए विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया है, ताकि मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से चल सके और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो।

# संदिग्ध हालातों में छात्र लापता

रूद्रपुर।पन्तनगर के वसंत विहार, जवाहर डीएफ नगर निवासी प्रभा जोशी ने अपनी 15 वर्षीय पुत्र दिपयांशु जोशी के लापता होने की सूचना थाना पन्तनगर में दी है। प्रभा जोशी के अनुसार उनका पुत्र सुबह नौ बजे घर से एस.एम. लेमालट स्कूल के लिए निकला था, लेकिन निर्धारित समय पर स्कूल से लौटने के बावजूद घर वापस नहीं आया। परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उसे ढूंढा नहीं जा सका। दिपयांशु कक्षा 9 का छात्र है। उस दिन उसने हल्की मेरून जैकेट और सफेद जूते पहने हुए थे और उसके साथ नीला स्कूल बैग था। परिवार ने पुलिस से अपील की है कि दिपयांशु को जल्द से जल्द सुरक्षित ढूंढा जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करलापता छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# बाहर के वाहनों से ग्रीन सेस की वसूली जल्द शुरू करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए तय लक्ष्य समय पर पूरे किये जाएं। संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी एवं जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में इसकी नियमित निगरानी की जाए। कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एआई आधारित तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। निबंधन एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित सभी कार्यों का डिजिटाइजेशन किया जाए। सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का जिलाधिकारियों एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। रजिस्ट्री के दौरान संपत्ति का उचित मूल्य दर्ज हो इसकी जांच के लिए संपतियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया जा जाए। प्रदेश से बाहर के वाहनों से ग्रीन सेस लेने की कार्यवाही में लेटलतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने परिवहन विभाग को ग्रीन सेस की वसूली जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए राज्य के हित में वन संपदा का सही उपयोग किया जाए। तराई क्षेत्रों में कमर्शियल प्लांटेशन तथा जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए ठोस योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र



विकास के लिए राजस्व में बढोतरी करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "इस दशक को उत्तराखंड का दशक" बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए संसाधन वृद्धि को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष श्रेणी के राज्यों में उत्तराखंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को 200 करोड़ की केंद्रीय प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है, जो राज्य के सही दिशा में बढ़ने का परिचायक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,015 करोड़ का कर राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 62 प्रतिशत से अधिक प्राप्ति हो चुकी है। उन्होंने संबंधित विभागों से आगामी अवधि में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए समन्वित और सक्रिय प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दीर्घकालिक आर्थिक सुदृढ़ता के लिए पूंजीगत निवेश पर विशेष बल दे रही है। पूंजीगत व्यय में 34 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिससे राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति मिलेगी और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन को आधुनिक और उत्तरदायी बनाने के लिए नीति सुधार, नवाचार तथा नई तकनीकों पर निरंतर ध्यान दिया जाना जरूरी है। पारदर्शिता, जवाबदेह और जनहित में ठोस परिणाम देने वाला प्रशासन हमारा उद्देश्य है। जिसके लिए सभी अधिकारियों को कड़े वित्तीय अनुशासन, बेहतर प्रबंधन और सामूहिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य में जुटे रहना होगा। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, एल. फैनई, सचिव दिलीप जावलकर, युगल किशोर पंत, सी. रविशंकर, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. रंजन कुमार मिश्रा अपर सचिव अहमद इकबाल, श्रीमती सोनिका, हिमांशु खुराना, श्रीमती अनुराधा पाल, डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मनमोहन मैनाली, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# भूमि अभिलेखों के सभी पोर्टल शीघ्र शुरू किए जाएं: मुख्य सचिव

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के संबंध में एनआईसी, आईटीडीए एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने भूमि अभिलेखों से संबंधित विभिन्न सॉफ्टवेयर एवं पोर्टलों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भू-अभिलेखों से जुड़े सभी पोर्टल शीघ्र से शीघ्र क्रियान्वित किए जाएं, जिससे आमजन को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूलेख पोर्टल को 1 जनवरी से अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाए, जिससे भूमि संबंधी जानकारी आम लोगों को आसानी से प्राप्त हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि दाखिल- खारिज की प्रक्रिया में जैसे ही स्टेटस अपडेट हो, संबंधित आवेदक को व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से तत्काल सूचना प्राप्त होनी चाहिए। साथ ही, आरओआर



(रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर सजरे में भी स्वतः स्टेटस अपडेट होने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नागरिकों को अपने भूमि अभिलेखों की प्रमाणित प्रति आसानी से उपलब्ध हो सके। बैठक में मुख्य सचिव ने आरसीएमएस पोर्टल को 26 जनवरी, 2026 तक शुरू किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व न्यायालयों को पूर्ण रूप से ई-कोर्ट के रूप में विकसित किया जाए, ताकि राजस्व मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए पटवारी एवं कानूनगो स्तर पर भूमि अभिलेखों के सत्यापन की समय-सीमा निर्धारित करने तथा उसे सॉफ्टवेयर में समाविष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आईटीडीए को सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी एवं ढांचागत व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर सचिव डॉ. एस.एन. पाण्डेय, राजस्व आयुक्त श्रीमती रंजना राजगुरू, जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल सहित एनआईसी, आईटीडीए के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न जनपदों से जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा कर दी है। बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी के अनुसार, यह परीक्षाएं 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 15 फरवरी 2026 तक चलेंगी। तिथियों को माननीय सभापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में अनुमोदन प्राप्त हुआ है। बोर्ड सचिव ने बताया कि राज्य के कुछ विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए परीक्षा अवधि पूरे एक महीने की रखी गई है, ताकि सभी विद्यालयों में परीक्षाओं का सुचारू और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही बोर्ड ने परीक्षा संचालन के लिए परीक्षकों



की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस वर्ष लगभग 750 प्रयोगात्मक परीक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं, जो विभिन्न विद्यालयों में जाकर परीक्षाओं का संचालन करेंगे। बोर्ड का उद्देश्य है कि सभी परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न हों। परीक्षार्थियों की संख्या की बात करें तो हाईस्कूल (कक्षा 10) में लगभग 1 लाख 12 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जबकि इंटरमीडिएट (कक्षा 12) में करीब 1 लाख 3 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इतनी बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने परीक्षाओं की तैयारियों को पहले ही तेज कर दिया है। सिमल्टी ने विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे प्रयोगात्मक परीक्षाओं से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करें और निर्धारित तिथियों के अनुसार तैयारियां पूरी करें। उन्होंने कहा कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बोर्ड परीक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, इसलिए छात्र इसे गंभीरता और पूरी तैयारी के साथ दें।

# एडीएम ने किया विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

रामनगर (उद संवाददाता)। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत विकास खंड रामनगर के मालधनचौड़ क्षेत्र में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के उपरांत अपर जिलाधिकारी श्री विवेक राय द्वारा क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं मनरेगा के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का गहनता से निरीक्षण किया। एडीएम द्वारा लोक निर्माण विभाग, रामनगर के अंतर्गत राज्य योजना से स्वीकृत गोपालनगरख्ररामनगर विधानसभा क्षेत्र में संपर्क मार्ग (लंबाई 1.850 किमी, लागत 149.20 लाख) के सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्ध एवं



गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मालधनचौड़ में मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित नाली निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य स्थल पर उपलब्ध सूचना बोर्ड, श्रमिक उपस्थिति, मजदूरी भुगतान, महिला सहभागिता तथा परिसंपत्ति निर्माण की गुणवत्ता का अवलोकन किया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मनरेगा के तहत सृजित परिसंपत्तियाँ टिकाऊ हों एवं ग्रामीणों को दीर्घकालीन लाभ प्रदान करें। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए फील्ड स्तर पर सतत निरीक्षण एवं निगरानी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना, खण्ड विकास अधिकारी गिरीश पाण्डे संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का प्रयास निंदनीय: मीना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती मीना शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) से महात्मा गांधी का नाम हटाने के कथित प्रयास की तीव्र आलोचना और निंदा की है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि यह देश के इतिहास और महापुरुषों के साथ छेड़छाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के राष्ट्रपिता के योगदान को कमजोर करने और योजनाओं से



उनके नाम को हटाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। श्रीमती शर्मा ने स्पष्ट कहा कि यह राष्ट्रपिता का अपमान है, जिसे कांग्रेस और देश की जनता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा महात्मा गांधी ने देश को स्वतंत्र कराया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया। आज उसी गांधी का नाम योजनाओं से हटाने की कोशिश की जा रही है। यह केवल एक नाम बदलने की समस्या नहीं है, बल्कि हमारे इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति के साथ छेड़छाड़ है। श्रीमती शर्मा ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और व्यापारियों की समस्याओं के बीच सरकार का ध्यान केवल नाम बदलने और इतिहास मिटाने पर केंद्रित है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा हम महापुरुषों और अमर शहीदों के योगदान को कभी नहीं भूल सकते। भाजपा सरकार द्वारा इतिहास मिटाने की यह साजिश कांग्रेस और देशभर में आंदोलन और सत्याग्रह के माध्यम से रोक दी जाएगी।

# पुरानी तहसील चौक पर नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर नगर पालिका प्रशासन ने पुरानी तहसील चौक पर चल रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका द्वारा अभियान चलाए जाने की सूचना मिलते ही मुख्य बाजार में भी व्यापारियों और आम लोगों में हलचल मच गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि पुरानी तहसील चौक पर कुछ कपड़ा व्यापारी ठेले पर व्यापार करते हुए अवैध अतिक्रमण कर इस स्थान पर स्थाई कब्जा



करने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन व्यापारियों ने ठेले के ऊपर तिरपाल और छतरियां लगाकर रास्ता बाधित कर रखा था, जिससे आम लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आज पालिका की टीम ने तुरंत तिरपाल और छतरियों को हटाया और सभी व्यापारियों को चौक खाली करने के साथ-साथ ठेलों पर चलते-फिरते व्यापार करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि कुछ व्यापारी शाम तक अपना ठेला छोड़कर चले जाते हैं, तो उनके ठेले और सामान को जप्त करने सहित नियम के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बागजाला को रात्रि में रोशन करने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बागजाला में महिलाओं बच्चों की रात्रि अन्धेरे में सुरक्षा के लिए सौर उर्जा लाईट लगाने और जल जीवन मिशन की अधूरी योजना को पूरा करने के लिए समझौते अनुसार काम कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के शिष्टमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी राहुल शाह को जल जीवन मिशन योजना के अधूरे कार्य को आन्दोलन में हुए समझौते अनुसार काम पूरा करने



के लिए जल संस्थान / विभाग को निर्देशित करने के लिए एक ज्ञापन और रात्रि अन्धेरे के कारण महिलाओं बच्चों को जंगली और आवारा जानवरों से जान माल की सुरक्षा दिलाने के मध्यनजर सड़क पर सौर ऊर्जा स्टेट लाईट लगवाने के लिए एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को समाज कल्याण या सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करने हेतु दूसरा ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन देने वालों मे विमला देवी, दीवान सिंह बरगली, हेमा देवी और प्रेम सिंह नयाल सम्मिलित रहे।

# पूछड़ी में दूसरे चरण में 199 हेक्टेयर भूमि से हटेगा अतिक्रमण

रामनगर। नैनीताल जिले के रामनगर के पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग ने वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पहले चरण की कार्रवाई के बाद अब विभाग जल्द ही दूसरे चरण में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में रामनगर तराई पशिचम के डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि वन विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पूछड़ी परिक्रमण क्षेत्र में प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान कुल 170 लोगों को बेदखली नोटिस जारी किए गए थे। इन सभी मामलों में संबंधित लोगों की बातों को सुना गया, उनके प्रस्तुत दस्तावेजों की गहन जांच की गई और तथ्यों के आधार पर विधिसम्मत निर्णय लेते हुए 170 व्यक्तियों के खिलाफ बेदखली के आदेश पारित किए गए। कुछ लोगों ने न्यायालय का रुख किया और उन्हें स्थगन आदेश प्राप्त हुआ, जबकि जिन



मामलों में कोई न्यायिक रोक नहीं थी, वहां वन विभाग ने अतिक्रमित भूमि को अपने अधीन ले लिया। डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि पूछड़ी क्षेत्र का कुल रकबा लगभग 224 हेक्टेयर है, जिसमें बड़े पैमाने पर अतिक्रमण पाया गया है। पहले चरण की कार्रवाई में वन विभाग ने लगभग 25 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर लिया है। अब शेष 199 हेक्टेयर भूमि को दूसरे या तीसरे चरण में खाली कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण की कार्रवाई से पूर्व संबंधित क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है, ताकि स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इसके बाद सभी आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और कानून के दायरे में हो। डीएफओ ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर अतिक्रमण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए भी गंभीर खतरा है। उनका कहना है कि विभाग का उद्देश्य किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करना नहीं है, बल्कि सरकारी वन भूमि को संरक्षित करना है। वन विभाग की आगामी कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दूसरे चरण की यह कार्रवाई पूछड़ी क्षेत्र में वन भूमि संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# पिटाई के बाद टैम्पो चालक गायब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लेनदेन के विवाद को लेकर साथी टेम्पो चालकों द्वारा की गई पिटाई के बाद से एक टेम्पो चालक पत्र लिख छोड़ घर से लापता हो गया। उसकी खोजबीन कर रहे परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद तीन दिन से वह लगातार पुलिस से पुत्र को खोजने और दोषी युवकों को पकड़कर उनसे पूछताछ करने की मांग कर रहे हैं परंतु पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। उनके पुत्र का कोई पता नहीं चल पा रहा है। जिससे उन्हें उसकी चिंता लग रही है। उसके साथ कोई भी अनहोनी घटना घटित हो सकती है। बताया जाता है कि किच्छा बाईपास मार्ग पर टेम्पो स्टेंड पर 14 दिसम्बर को लेन देन के विवाद के चलते कुछ टेम्पों चालकों ने सोढ़ी कालोनी निवासी करीब 40 वर्षीय पुनीत मिश्रा पुत्र रमेश चन्द्र की पिटाई कर दी थी और लगातार धमकियां दे रहे थे। परिजनों का कहना है कि पुत्र पुनीत गत 16 दिसम्बर को घर में बिना किसी कुछ बताये चला गया। तब से उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उनका कहना है कि पुत्र डायरी के पन्ने में कुछ लिखकर टेम्पो में छोड़ गया है। ग्राम रहपुरा जिला रामपुर निवासी परिजनों ने बताया कि पुनीत अपने परिवार के साथ सोढ़ी कालोनी में किरायेदार के रूप में रहता है और टेम्पो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। किच्छा बाईपास रोड़ पर एफसीआई गोदाम के सामने वह टेम्पो खड़ा करता है जहां 14 दिसम्बर को उसका पुराने टेम्पो मुंशी से लेन देन को लेकर विवाद हुआ था और कुछ टेम्पो चालकों ने पुनीत की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इसके बाद 16 दिसम्बर को पुनीत सोढ़ी कालोनी स्थित अपने घर से लापता हो गया। पुलिस का कहना है कि मारपीट मामले में आरोपी टेम्पो चालकों को बुलाकर उनसे पूछताछ की गई थी। जिन्होंने पुनीत के घर से लापता होने की घटना से अपना कोई सरोकार होना नहीं बताया। परिजनों ने पुनीत के लापता होने की घटना की सूचना रूद्रविलास चौकी यूपी पुलिस को दे दी है।

## पेज एक का शेष...

**केवल कागजों में नहीं...**देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ, वहीं विकास खण्डों की श्रेणी में बागेश्वर के कपकोट को देश में 40वीं रैकिंग प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार भी सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के मंत्र के साथ राज्य की समृद्धि के लिए काम कर रही है। हमारी नीतियों का दृष्टिकोण स्पष्ट है। सभी प्रमुख क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। नई-नई नीतियों के माध्यम से विकसित उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 'संपूर्णता अभियान' राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का सशक्त माध्यम बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित यह अभियान आकांक्षी जनपदों और ब्लॉकों के कायाकल्प में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल कागजों पर विकास नहीं, बल्कि धरातल पर बदलाव लाना है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे मानकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले कर्मयोगियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत उत्तराखंड के चयनित ब्लॉकों और जनपदों ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास की यह प्रक्रिया रुकनी नहीं चाहिए और 'विकसित उत्तराखंड' के संकल्प को पूरा करने के लिए हर विभाग को समन्वय के साथ काम करना होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उन खंड विकास अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, वियायक सविता कपूर, विधायक उमेश शर्मा काऊ, प्रमुख सचिव मीनाक्षी सुंदरम, डा. श्रीधर बाबू समेत तमाम जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण मौजूद रहे।

**साधु संतों के भेष....**मुजफ्फरनगर, श्रवण उर्फ मांगा (57 वर्ष) निवासी रुड़की, जितेंद्र (55 वर्ष) निवासी बुलंदशहर, अरविंद (58 वर्ष) निवासी सहसपुर, सोहेल (45 वर्ष) निवासी लक्सर, रोहित (20 वर्ष), पंगनाथ (20 वर्ष), कलम नाथ (25 वर्ष), मुकेश (25 वर्ष) और छोटेलाल (25 वर्ष) शामिल हैं। उत्तराखंड सरकार ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत यह संदेश देने की कोशिश की है कि राज्य में किसी भी प्रकार के छल-कपट, भेष बदलकर ठगी या लोगों को गुमराह करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सनातन संस्कृति की पवित्रता बनी रहे और लोग सुरक्षित रह सकें।

**गैस पाइप लाइन ...** निगम और गैस कंपनी के अधिकारियों ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने और निर्माण स्थल के आसपास कोई अनावश्यक जोखिम न लेने की अपील की है। इस घटना ने यह उजागर किया कि निर्माण कार्य और गैस पाइपलाइन के समीप सुरक्षा व्यवस्था में सतर्कता बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

**अधिकारियो ने हाईवे..**ही समाधान किया जा रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि मार्ग चौड़ीकरण का कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ देने के कारण इन्द्रा चौक के पास, गुरूद्वारा मार्ग मोड़ के पास, रोड़वेज के पास गंदे पानी का जमाव हो गया है। जिस कारण यहां आये दिन दुर्घटना हो रही हैं। उनका कहना है कि यदि मार्ग का निर्माण इसी तरह कछुआ गति से चलता रहा तो मार्ग पूरा होने में कई माह का समय लग सकता है। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मार्ग का निर्माण जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा। गौरतलब हो कि मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में जिस स्थान पर विधायक शिव अरोरा द्वारा शिलान्यास किया गया था वहां पर अभी तक कोई भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

**मुख्यमंत्री की सुरक्षा..**रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी सुरक्षा को सात दिनों में विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, सभी सुरक्षा वाहनों की वर्तमान स्थिति का तत्काल भौतिक एवं तकनीकी निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जिन वाहनों को सुरक्षा ड्यूटी से हटाने की आवश्यकता होगी, उनके प्रतिस्थापन की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।

# हेल्पिंग हैंड्स संस्था का क्रिसमस कार्निवल जिंगल बेल बैश 25 को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संस्था रुद्रपुर शहर का सबसे बड़ा क्रिसमस कार्निवल, जिंगल बेल बैश, आयोजित करने जा रही है। यह जानकारी देते हुए संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह कार्निवल 25 दिसंबर को काशीपुर रोड़ पर स्थित एंबियंस लॉन्स में आयोजित होगा। उन्होंने बताया यह कार्निवल बच्चों व उनके अभिभावकों के मनोरंजन के लिए किया जा रहा है। इसमें कई तरह के शॉपिंग स्टॉल्स, गेम जोन्स, फूड स्टॉल्स, और एक्टिविटी जोन का इंतजाम किया गया है। इस बार कई टीमें बाहर से बुलाई जा रही हैं, जो बच्चों को विभिन्न रूपों से आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जैसे कि स्प्लैश हिट नियोन पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया इस बार बच्चों के लिए कई तरह के मास्कट्स, जैसे एल्सा, ऐना, थेनोस, हल्क, और स्नोमैन, की मास्कट परेड कराई जाएगी। इसके अलावा बच्चों के लिए स्पेस साइंसेस की जानकारी के लिए प्लेनेटेरियम की व्यवस्था भी की गई है। इसमें बहुत ही मनोरंजक तरीके से शोज के माध्यम से बच्चों को अंतरिक्ष की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार का संस्था का सबसे बड़ा मुख्य आकर्षण बंपर हाउजी रहेगा। यह अब तक की सबसे बड़ी हाउजी होने जा रही है। इस बार तीन रातों का गोवा का ट्रिप, जिसमें फ्लाइट्स टिकट भी शामिल है, 2 ग्राम का गोल्ड कॉइन बंपर इनाम में रहेंगे और 100 ग्राम का सिल्वर कॉइन जैसे इनाम भी दिए जाएंगे। इसमें दो लाख रुपए तक के इनाम दिए जाएंगे। इस बार शाम को परिंदे म्यूजिकल बैंड्स द्वारा एक बहुत ही शानदार लाइव म्यूजिक शो की प्रस्तुति भी दी जा रही है। साथ ही ड्राइंग, हैंड राइटिंग एंड सुडोकू कंपटीशन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें हर आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्निवल को आयोजित करने के लिए संस्था को बहुत लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस कार्निवल में जाने के लिए एंट्री पासेस जल्द से जल्द बुक करें। कार्निवल से जुटाई राशि का इस्तेमाल चौरिटी के लिए किया जाएगा


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम MONIS पुत्र IKBAL से बदलकर MONIS QURESHI पुत्र IKBAL HUSSAIN रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मोनिस कुरैशी पुत्र इकबाल हुसैन
वार्ड नं 15, निकट जनता इंटर कालेज
किच्छा, उधमसिंहनगर

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम JALEES AHMAD से बदलकर MOHD JALEES रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

– मोहम्मद जलीस पुत्र जमील अहमद
सिरौली कलां, किच्छा उधमसिंहनगर


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।


E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महापौर ने शहर में अलाव की व्यवस्था का लिया जायजा

रुद्रपुर। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच शुक्रवार सुबह महापौर विकास शर्मा ने नियमित मॉर्निंग वॉक के उपरांत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर नगर निगम द्वारा किए गए शीतकालीन इंतजामों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम की ओर से जलाए जा रहे अलावों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद नागरिकों से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। महापौर विकास शर्मा ने मॉर्निंग वॉक के बाद मुख्य बाजार स्थित बाटा चौक पहुंचकर वहां लगाए गए अलाव स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अलाव ताप रहे आम नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं तथा ठंड के मौसम में सतर्कता बरतने की अपील की। महापौर ने नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सुबह-शाम आवश्यक सावधानी बरतने और विशेष रूप से बुजुर्गों,



बच्चों एवं जरूरतमंदों का ध्यान रखने का संदेश दिया। महापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि ठंड से आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अलाव व्यवस्था निरंतर एवं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्थान पर लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में नागरिकों से सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। महापौर ने कहा कि शीत ऋतु में नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति एवं सार्वजनिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ठंड के इस मौसम में किसी भी नागरिक को परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम पूरी तरह से सतर्क और प्रतिबद्ध है।

# इस्लामनगर में एसआईआर हेल्पिंग कैम्प का आयोजन

सितारगंज। आम जनता की सुविधा और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एमएसओ ऑफ इंडिया की ओर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हेल्पिंग कैम्पख्र2025 का आयोजन इस्लामगनगर वार्ड नंबर वार्ड तीन स्थित कब्रिस्तान के निकट मीटिंग हॉल में आयोजन हुआ। इस जनहितकारी शिविर का उद्घाटन गुरुवार को किया गया।उल्लेखनीय है कि शिविर में 2003 और 2025 की वोटर लिस्ट की फोटोकॉपी भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए आम जनता से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यह हेल्पिंग कैम्प पूरी तरह नि:शुल्क (फ्री) है और इसमें दी जाने वाली सभी सेवाएँ बिना किसी शुल्क के प्रदान की जा रही हैं।इस अवसर पर एम एस ओ ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना आरिफुल कादरी वाहिदी ने कहा कि यह शिविर आम जनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। कैंप की जिम्मेदारी सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट मुशीर अहमद लारी को सौंपी गई है, जो पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ शिविर के संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनके साथ इमरान अंसारी और अफजल खघन भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। अंत में एम एस ओ ऑफ इंडिया ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर शिविर में पहुँचकर इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएँ। इस मौके मौलाना रफीकुल कादरी, हाफिज तौफीक कमर, मुफ्ती मो जावेद अख्तर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित 21 दिसंबर को देहरादून में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने जानकारी दी है कि हमारी प्रदेश की नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित प्रथम बार 21 दिसंबर को राजीव भवन, देहरादून पहुँच रही हैं। प्रदेश अध्यक्षकांग्रेस प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित 21 दिसंबर को देहरादून में ने इस अवसर पर सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर प्रदेश प्रभारी का स्वागत करें और महिला कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने में सहयोग दें। इसी क्रम में उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की बरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने विशेष रूप से कुमाऊँ मंडल की सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, महानगर, शहर और नगर अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे 21 दिसंबर को अपराह्न 11 बजे तक राजीव भवन, देहरादून पहुंचकर प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित का भव्य स्वागत सुनिश्चित करें। श्रीमती शर्मा ने कहा कि इस अवसर का उद्देश्य महिला कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना और संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर प्रदेश प्रभारी का स्वागत करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

# गुलदार का हमला, बाइक सवार दो युवक घायल

रामनगर(उद संवाददाता)। पतरामपुर रेंज क्षेत्र में गुलदार के हमले ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है। पतरामपुर बाजार के समीप सत्संग भवन के पास बाइक से जा रहे दो युवकों पर अचानक गुलदार ने हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय पास से गुजर रहे अन्य लोगों की चीख-पुकार पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया, जिससे युवकों की जान बच सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक पतरामपुर बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे थे, तभी सुनसान रास्ते पर घात लगाए बैठे दो गुलदारों ने उन पर झपट्टा मारा। हमले में दोनों सड़क पर गिर पड़े और सिर, हाथ तथा पीठ में चोटें आईं। आसपास के लोग शोर मचाने पर



मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गुलदार वहां से भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सूचना देने के बावजूद टीम करीब एक घंटे बाद ही पहुंची। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला और उन्होंने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार गुलदार की आवाजाही बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने के बाद दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया। फिलहाल दोनों युवकों की हालत स्थिर बताई जा रही है। लगातार हो रही गुलदार की घटनाओं से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, पिंजरे लगाए जाएं और गुलदार की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।




# रूद्रपुर से हल्द्वानी तक युवाओं ने निकाली साईकिल रैली

## डा. केसी चंदौला ने किया साईकिल रैली का शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।साइकिल चलाने के महत्व और लोगों में स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड साइकिल युवा संघ की ओर से रूद्रपुर से हल्द्वानी तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ उत्तराखण्ड आयुष परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. केसी चंदौला ने स्टेडियम से फ्लैग ऑफ करके किया। इस अवसर पर उन्होंने साइकिल रेस में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और इस पहल को सराहनीय बताया। रैली में कुल 85 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने मुख्य अतिथि डॉ. केसी चंदौला का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। रैली के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद किया और कहा कि साइकिल चलाना केवल एक खेल या व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण



और यातायात सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता फैलाने का प्रभावशाली माध्यम है। डा. केसी चंदौला ने कहा कि आज की रैली का संदेश सिर्फ युवा वर्ग तक सीमित नहीं है। हमें सभी को यह समझाना होगा कि साइकिल चलाना हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, यह प्रदूषण कम करने में मदद करता है और यातायात व्यवस्था को भी सुधारता है। मैं आयोजकों की इस पहल की सराहना करता हूं और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं कि वे इस जागरूकता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाएं। यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड के युवाओं के लिए स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधारने का एक महत्वपूर्ण संदेश है। रैली ने न केवल युवाओं में उत्साह और जोश भरा, बल्कि आम नागरिकों को भी साइकिल चलाने और शारीरिक सक्रियता अपनाने के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साइकिल फेडरेशन ऑफ उत्तराखण्ड के चेयरमैन और ऑल इंडिया साइकिल फेडरेशन के वाईस चेयरमैन विमल चौधरी ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेन्द्र शर्मा, ललित दुम्का, हरेन्द्र बिष्ट, सागर तिवारी, कमलेन्द्र सेमवाल समेत कई खेल एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

